# बीमार आदिवासी बच्चों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

## बच्चों के परिजनों से की बात, चर्चा में कहा चिकित्सा संसाधन पर्याप्त, जल्द आएगा अतिरिक्त पैरामेडिकल स्टाफ



**बालाघाट, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में 1 सितम्बर की देर शाम को कलेक्टर कुमार सत्यम निरीक्षण करने के लिये पहुंचे थे जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन को उचित दिशा-निर्देश दिये। इसी बीच ऐसा कुछ हुआ कि शोर-शराबा मच गया। कुछ सोशल मीडिया इन्फ्ल्युएंसर ने कलेक्टर को घेर लिया और निरीक्षण बीच में रोककर कलेक्टर को जाना पड़ा। 2 सितंबर को कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है वर्तमान में संसाधन पर्याप्त है अगर अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता होगी तो वह भी आएगा। बेड की सुविधा को लेकर उन्होंने बताया कि इसकी संख्या 50 से बढ़ाकर 135 कर दी गई है जबकि 99 बच्चे अस्पताल में भर्ती हुये थे बुधवार को 35 बच्चे ठीक होकर घर लौटे है। कलेक्टर द्वारा मंगलवार की देर शाम निरीक्षण किये जाने के दौरान सोशल मीडिया एन्फ्ल्युएंसरों ने उनसे तीखे सवाल-जवाब किये। जानकारों का कहना है कि पूछने वालों का लहजा ठीक नहीं था जबकि कलेक्टर सवालों के जवाब भी दे रहे थे, गहमागहमी बढ़ी तो कलेक्टर अपनी कार में बैठकर चले गये। इसके पहले कलेक्टर ने शिशु वार्ड में पहुंचकर आदिवासी बैगा बच्चों का स्वास्थ्य हाल जाना उनके साथ सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन भी मौजूद रहे। आदिवासी बच्चों के परिजनों से उन्होंने चर्चा की बच्चों की तबियत के बारे में पूछा तथा अस्पताल में व्यवस्थाओं को और ठीक किये जाने पर जोर दिया।

### आखिरकार हटाए गए सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप

जिले के बैगांचल गांवों में महामारी के प्रकोप और समय पर टीकाकरण ना किये जाने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय ने बड़ा आदेश जारी किया है। आदिवासी संगठन और कांग्रेस द्वारा लगातार विरोध जताते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप की खामियों को गिनाया जा रहा था और उन्हें पद से हटाते हुए कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग भी हो रही थी। इसी बीच 2 सितम्बर को जारी ताजा आदेशों में डॉ. उपलप की कुर्सी चली गई है इसके पहले उन्हें जिला टीकाकारण अधिकारी के पद से हटाया जा चुका है। उनके स्थान पर पूर्व में सीएमएचओ रहे वर्तमान में डिण्डौरी में पदस्थ डॉ. मनोज पाण्डेय को जवाबदेही सौपी गई है।

### बेड की संख्या 5 से बढ़कर 135 की गई

2 सितम्बर को कलेक्टर ने पत्रकारों से चर्चा की और जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जो बिस्तर बच्चों के लिये आरक्षित होते है उनकी संख्या 50 से बढ़ाकर 135 कर दी गई है साथ ही



शिशु वार्ड के अलावा अन्य वार्डो का उपयोग भी भर्ती बच्चों के उपचार के लिये कर रहे है। कलेक्टर ने बताया कि 99 बच्चे अलग-अलग कारणों से भर्ती थे, 35 बच्चे बुधवार को डिस्चार्ज होकर घर भेज दिये गये है। उनका कहना आया कि दूरस्थ गांव से छोटे बच्चे आते है तो उनके साथ परिजन भी आते है बच्चों को नहीं छोड़ सकते है जिनके लिये भी उचित प्रबंध किया गया है। जिला अस्पताल में मानव संसाधन भी पर्याप्त है, मेडिकल स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ अतिरिक्त उपलब्ध कराने के लिये पत्राचार किया गया है आगामी दिनों में उपलब्ध हो जायेगा।

### सप्ताहभर कोमा में रहकर ठीक हुए गंभीर पीड़ित बच्चे

#### सिविल सर्जन डॉ. जैन ने प्रेसवार्ता में दी व्यवस्थाओं की जानकारी



जिला चिकित्सालय बालाघाट के सिविल सर्जन तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय जैन ने व्यवस्थाओं और भर्ती बच्चों के संबंध में जानकारी देने 2 सितम्बर को प्रेसवार्ता ली जहां उन्होंने कई महत्वपूर्ण बातें बताते हुए कहा कि 15 जुलाई के बाद से बच्चों को गंभीर बीमारी का शिकार होने तथा अस्पताल में पहुंचने का क्रम जारी हुआ था कुण्डेकसा, बोंदारी, मोहनपुर, मछुरदा तथा आसपास के गांवों में महामारी का रूप ले चुकी बीमारी से बच्चों की पीड़ा को दूर करना हमारी प्राथमिकता रही है अब तक 400 बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती हुये जिनमें से एक बच्चे की मौत हुई है, इस बच्चे को कुपोषण था एवं डायरिया, मलेरिया तथा कीडनी फेलियर था और इलाज जारी था तभी मरीज के परिजन उसे लेकर गये थे। डॉ. जैन ने बताया कि कई ऐसे बच्चे इस दौरान भर्ती हुये जिन्हें उल्टी, दस्त, झटके आना मलेरिया जैसे लक्षण रहे है जिनकी स्थिति गंभीर थी कई बच्चे सप्ताहभर कोमा में रहे, ऐसे बच्चे ठीक होकर गये है। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को और दुरूस्त बनाये रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग भोपाल में पत्राचार किया गया है जबकि कलेक्टर ने भी अतिरिक्त बेड का प्रबंध कराया है, स्टाफ नर्स की अतिरिक्त व्यवस्था होने जा रही है जहां मण्डला और सिवनी से पैरामेडिकल स्टाफ आएगा। डॉ. जैन बताते है कि जिला अस्पताल में वेंटीलेटर, हाई डिफेंसिव ऑक्सीजन, पल्स ऑक्सीमीटर की व्यवस्था है लेकिन अगर और भी अतिरिक्त संसाधन होंगे तो आगे की तैयारी करने में हमें मदद मिलेगी। एबीजी मशीन को लेकर उन्होंने बताया किसंसाधनों का सही उपयोग हो हमारी यह मंशा है।

## 6 अभ्यर्थियों को सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत राशि मंजूर

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर कुमार सत्यम ने सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के 06 अभ्यर्थियों को राज्य सिविल सेवा परीक्षा एवं संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में विभिन्न स्तरों पर सफल होने पर कुल 01 लाख 30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मंजूर की है। यह राशि अभ्यर्थियों के बैंक खाते में ईपेमेंट से जमा करायी जा रही है। सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग में ग्राम समनापुर के नितेश अडमे को 10 हजार रुपए, पीपरटोला बिरसा के रोहित मेरावी को 20 हजार रुपए, ग्राम खरपडिया की विभा उइके को 20 हजार रुपए राज्य सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने पर प्रोत्साहन के रूप में स्वीकृत की गई है।

## पेड़ों को बांधी राखी, लिया जीवनभर रक्षा का संकल्प



**बालाघाट, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जन अभियान परिषद कटंगी द्वारा अनूठी पहल की गई। जन अभियान परिषद द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम सीएमसीएलडीपी के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में वृक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में मौजूद वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने संदेश दिया कि जिस प्रकार रक्षाबंधन पर भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक को भी जीवनदाता वृक्षों की सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर मंदिर परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि पौधों को केवल रोपित करने तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से मानव और प्रकृति के बीच संरक्षण के रिश्ते को मजबूत करने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के संदीप शर्मा, गति संस्था के देवी प्रसाद तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कामराज देशमुख, परामर्शदाता अरविंद दरवड़े सहित सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, महिला एवं बाल विकास विभाग की आशा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बैगा आदिवासी बच्चों की मौत पर आज बालाघाट बंद का आव्हान

### 5 को जुटेंगे 18 ट्राईबल राज्यों के आदिवासी

**बालाघाट, देशबन्धु।** आदिवासी बैगांचल में बच्चों की मौत पर श्रद्धांजलि देने तथा स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को दुरूस्त किये जाने के साथ ही जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज संगठन द्वारा 3 सितम्बर को बालाघाट बंद का आव्हान किया गया है। प्रदर्शन स्थल जनपद पंचायत के सामने संगठन के लोग पहुचेंगे जहां से जयस्तंभ चौक और हॉस्पिटल रोड होते हुए अवंतीबाई चौक और यहां से काली पुतली तथा मुख्य बाजार का भ्रमण कर व्यापारिक प्रतिष्ठानों से बंद रखकर सहयोग की अपील करेंगे। बताया गया है कि आपातकालीन सेवाएं, स्कूल-कॉलेज संचालित होते रहेंगे जबकि दुकानों, बाजार, मण्डी और यात्री बसों को बंद रखे जाने का आग्रह किया गया है। इधर 5 सितम्बर को राष्ट्रीय महा धरना प्रदर्शन की रूपरेखा है जहां देश के करीब 18 ट्रायवल राज्यों के आदिवासी संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त जानकारी आदिवासी संगठन के पदाधिकारी भुवनसिंह कोर्राम पत्रकारों से चर्चा में दी। उन्होंने बताया कि गत दिवस दिल्ली में राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति की कोर कमेटी की बैठक आहूत हुई थी। उक्त कोर कमेटी आदिवासियों के राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर संघर्ष करती है। इस बैठक में बैहर क्षेत्र के करीब 29 बैगा आदिवासी बच्चों की जो मौत हुई है इस पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि आदिवासी संगठन द्वारा जो 3 सितम्बर को बालाघाट बंद का आव्हान किया गया है। इस बंद को हमारा भी पूरा समर्थन है।

## प्रभावित गांवों में पहुंचा पशु चिकित्सा विभाग, बैगा ग्रामीणों से की चर्चा

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बिरसा विकासखंड के बीमारी से प्रभावित ग्रामों में विशेष संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं



डॉ. घनश्याम परते 2 सितंबर को अपने दल के साथ प्रभावित ग्रामों में पहुंचे। दल ने सोनगुड्डा, अडोरी, कुंडेकसा, बोंदारी, पाथरी एवं मछुरदा सहित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीण आदिवासी बैगा परिवारों से सीधे संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र बैगा परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आवेदन प्राप्त किए गए। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया से भी अवगत कराया।

## जिले में 24 घंटे में 6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट, देशबन्धु।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 02 सितम्बर तक कुल 954 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 1065 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 1236 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 02 सितम्बर 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 सितम्बर को प्रातरू 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 01 मिमी, वारासिवनी में 10 मिमी, बैहर में 08 मिमी, लांजी में 07 मिमी, कटंगी में 00, किरनापुर में 19, खैरलांजी में 05 मिमी, लालबर्रा में 02 मिमी, बिरसा में 02, परसवाड़ा में 09 एवं तिरोड़ी तहसील में 02 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 06 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## 7 से 12 सितंबर तक होगी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा, पीजी कॉलेज बना केन्द्र

**बालाघाट देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026 का आयोजन 07 से 12 सितंबर तक किया जा रहा है। परीक्षा के लिए बालाघाट में पीएम जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र पर कुल 51 परीक्षार्थी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 07 से 12 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक




आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचने तथा आयोग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए बालाघाट जिले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. श्रीकांत पाण्डे को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक द्वारा परीक्षा की व्यवस्थाओं एवं संचालन पर निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन में परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जा सके।

## रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 29 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

**बालाघाट देशबन्धु।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 1 सितम्बर को महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के लिए रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में आईटीआई के 46 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 29 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा उन्हें प्राथमिक रूप से ऑफर लेटर प्रदान किए गए। चयनित अभ्यर्थियों को 19,500 रुपये वेतनमान का अवसर प्रदान किया गया है। आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद सीधे उद्योग क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला। महिंद्रा कंपनी की ओर से एचआर सुशील तिवारी उपस्थित रहे। वहीं संस्था की प्राचार्य सपना राहंगड़ाले, प्रशिक्षण अधीक्षक अतुल तुरकर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर चेतन धार्मिक, प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कामले, राजेंद्र पराते सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उद्यानिकी सर्वे में बैगा परिवारों को खेती के लिए किया प्रेरित

### सहायक संचालक उद्यान ने क्षेत्र का किया भ्रमण, पीएमएफएमई यूनिट का भी लिया जायजा

**बालाघाट देशबन्धु।** उद्यानिकी विभाग द्वारा जिले के दक्षिण बैहर क्षेत्र एवं बिरसा विकासखंड के बीमारी से प्रभावित ग्रामों में उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष सर्वे एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक संचालक उद्यान क्षितिज करहाड़े ने 2 सितंबर को अपनी टीम के साथ प्रभावित ग्रामों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न ग्रामों में उद्यानिकी फसलों की स्थिति का सर्वे किया तथा किसानों से चर्चा कर खेती से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने क्षेत्र में उपलब्ध कृषि संसाधनों एवं किसानों द्वारा की जा रही खेती की संभावनाओं का भी जायजा लिया, ताकि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दिया जा सके।

**पीएमएफएमई के तहत कोदो-कुटकी यूनिट का अवलोकन**

सहायक संचालक श्री करहाड़े ने अपनी टीम के साथ ग्राम पाथरी एवं लंहगाकन्हार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत संचालित कोदो.कुटकी यूनिट का भी अवलोकन किया। उन्होंने यूनिट की गतिविधियों, उत्पादन एवं प्रसंस्करण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोदो.कुटकी जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक अनाजों के उत्पादन के साथ.साथ उनके प्रसंस्करण और



मूल्य संवर्धन से ग्रामीण परिवारों के लिए आय के अतिरिक्त अवसर विकसित किए जा सकते हैं।

**बैगा परिवारों को उद्यानिकी खेती के लिए किया प्रोत्साहित**

भ्रमण के दौरान उद्यान विभाग की टीम ने ग्रामीणों, विशेषकर बैगा जनजाति के परिवारों से संपर्क कर उनकी आजीविका एवं आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। सहायक संचालक ने ग्रामीणों को अपने खेतों में उपलब्ध स्थान एवं संसाधनों के अनुसार उद्यानिकी फसलों तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कम क्षेत्र में सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर परिवार अपनी घरेलू जरूरतें पूरी करने के साथ अतिरिक्त उत्पादन को बाजार में बेचकर आय बढ़ा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। अधिकारी ने ग्रामीणों से उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी लेते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिवक्ताओं के साथ हुई बैठक

**बालाघाट देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 12 सितंबर 2026, शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी श्री रघुबीर प्रसाद पटेल ने की। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सतीष शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं को प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों का राजीनामा एवं आपसी सहमति के माध्यम से निराकरण कराने में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिवक्ता व्ही. एस. परिमल, खगेन्द्र चुरहे, आनन्द टेम्भरे, सुभाष तुरकर, सुभाष शुक्ला, व्हायडी टेंभरे एवं जेपी मातरे सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को आपसी सहमति एवं राजीनामे के आधार पर प्रकरणों के शीघ्र एवं सरल निराकरण का अवसर मिलता है। बैठक में अधिवक्ताओं से 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया।

## राजस्व प्रकरण लंबित होने पर तिरोड़ी के 10 पटवारियों को नोटिस

### कटंगी एसडीएम विजय यादव ने संभाला कार्यभार, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**बालाघाट देशबन्धु।** संयुक्त कलेक्टर विजय सिंह यादव ने 01 सितंबर को कटंगी एसडीएम का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में तहसीलदार कटंगी, जनपद पंचायत सीईओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, एसडीओ कृषि विभाग, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नगर पालिका सीएमओ, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम श्री यादव ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की सूक्ष्मता से



समीक्षा करते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों तथा जनाकांक्षा पोर्टल पर लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समाधानकारक निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहते हुए अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके।

**अधिकारी स्वयं फील्ड में पहुंचकर करें निरीक्षण**

एसडीएम श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों का कार्य फील्ड से जुड़ा है, उनके अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि वे भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**तिरोड़ी में राजस्व कार्यों की समीक्षा, 10 पटवारियों को नोटिस**

एसडीएम श्री यादव ने शाम 4 बजे तहसील तिरोड़ी पहुंचकर तहसील कार्यालय में पटवारीवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री, बकेटिंग, पीएम किसान ई.केवाईसी, राजस्व न्यायालयों में लंबित रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन, तहसीलदार न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अमल, जनहानि, पशुहानि एवं सर्पदंश के प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेटिंग कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर 10 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। उन्हें दो दिवस में कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में प्रगति नहीं होने पर वेतन राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जबलपुर ( म.प्र )**

क्र./232 वि.अधि./2026
जबलपुर दिनांक 05/08/2026

**सार्वजनिक सूचना**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत विषय-विवाह सूचना पत्र का प्रकाशन दावत ।**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक Adnan Ali पिता Maharban Ali उम्र 22 वर्ष निवासी 2482/2 Salater House Ward 50 Thakkar Gram Jabalpur 482002 एवं आवेदिका Leena Pancheshwar पिता Ranglal Pancheshwar उम्र 22 वर्ष निवासी Purana Prerna School Ward No. 1 Bhatera Chouki Balaghat 481001 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 05/08/2026 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 18/09/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला- जबलपुर ( म.प्र. )**